वर्ष 29 अंक 27
पृष्ठ 24+4+4=32
बरेली, रविवार
8 अक्टूबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

PAGE NO. 11. RIGHT MIDDLE

महिलाएं सबसे अच्छी प्रबंधक : देवमूर्ति

जासं, बरेली : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 'अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा के लिए प्रबंधन, प्रथाओं और प्रौद्योगिकी के नवीनीकरण व एकीकरण' विषय पर शनिवार को राष्ट्रीय सेमिनार हुआ। मुख्य अतिथि रुविवि के पूर्व कुलपति व अर्थशास्त्री प्रो. मो. मुजम्मिल ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिकीकरण समय की मांग की है। हर क्षेत्र में



इसकी समान आवश्यकता है। संस्था के चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि महिलाएं सर्वश्रेष्ठ प्रबंधक होती हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण घरेलू कामकाजी महिलाएं हैं, वो बड़े सलीके से कम बजट में घर के खर्च का प्रबंधन करती हैं। पहले सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. वीके झा ने कहा कि नवीनीकरण के युग में सबको समान योगदान देना चाहिए। डॉ. संजय मिश्रा ने छात्रों को देश की तरक्की में योगदान के बारे में बताया। डॉ. एके सरकार ने नई तकनीक पर प्रकाश डाला। एकता रस्तोगी, शिल्पी दीक्षित, निमिष मिश्रा, अनुपम सिंह, धीरज, डॉ. आरती, विपुल कुमार, वर्तिका कौशिक, ज्योति मिश्रा, अनमोल, फैजान आदि ने शोध पत्र पढ़े। इस दौरान डॉ. प्रभाकर गुप्ता, सुभाष मेहरा, एसके सुमन, डॉ. अंकिता टंडन, अनुभव, अंकिता श्रीवास्तव, श्रुति गुप्ता आदि मौजूद रहे।